आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम) रक्षा मंत्रालय
ARMOURED VEHICLES NIGAM LIMITED
(A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE)
MINISTRY OF DEFENCE

संजय द्विवेदी, भा.आ.नि.से, एन डी सी
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
SANJAY DWIVEDI, IOFS, ndc
CHAIRMAN & MANAGING DIRECTOR

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

दिनांक: 01.04.2024

प्रिय एवीएनएल कर्मचारीगण, ग्राहकगण एवं मूल्यवान हितधारकगण,

आज जब हम वित्तीय वर्ष 2024-25 की शुरुआत कर रहे हैं, मुझे अत्यधिक संतोष, गर्व एवं एवीएनएल की भविष्य की यात्रा के प्रति प्रबल आशा का अनुभव हो रहा है । एवीएनएल एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर आ पहुँचा है, जो आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशीकरण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से प्रेरित है । तदपि, हमारी यात्रा मात्र व्यावसायिक संख्याओं और आर्थिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, हमारे देश की सुरक्षा को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर होने की है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 कई गंभीर चुनौतियाँ लाया जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राप्त हुई वृद्धि में रुकावट आ सकती है । अनुबंधों को अंतिम रूप देने में देरी, OEM से खरीदे गए महत्वपूर्ण उत्पाद, समर्थन वस्तुओं की आपूर्ति न होना और OEM पर निर्भरता के कारण प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं से आपूर्ति न होना इत्यादि चुनौतियाँ थी । यद्यपि इन चुनौतियों ने निश्चित रूप से अनुमानित वृद्धि को कुछ हद तक प्रभावित किया है फिर भी एवीएनएल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के समग्र प्रदर्शन को वित्तीय वर्ष 2022-23 के समानान्तर बनाए रखा है। यह सभी एवीएनएल कर्मचारियों के लिए एक हर्ष का विषय है कि उनके द्वारा प्रदर्शित सुदृढ़ संकल्प एवं व्यक्तित्व के फलस्वरूप ही सभी परियोजनाओं को उत्तम तरीके से आगे बढ़ाया जा सका ।

मुझे हर्ष है कि हम वित्तीय वर्ष 2024-25 की शुरुआत कई सकारात्मक उन्नतियों के साथ करने जा रहे हैं, जिन्हें मैं आप सभी के साथ साझा करना चाहता हूं। एवीएनएल ने हाल ही में 693 आईसीवी बीएमपी-II सारथ वाहनों को अपग्रेड करने के लिए भारतीय सेना के साथ अपने पहले महत्वपूर्ण अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। बीएमपी के उन्नत संस्करण में उन्नत मारक क्षमता, रात में सक्षम फायर कंट्रोल सिस्टम (एफसीएस), स्वचालित लक्ष्य ट्रैकिंग, अगली पीढ़ी की मिसाइल फायरिंग क्षमताएं और कई अत्याधुनिक विशेषताएं शामिल हैं। यह अनुबंध एवीएनएल के लिए अधिक महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि यह कठोर प्रदर्शन मूल्यांकन एवं क्षेत्र परीक्षणों से गुजरने के बाद आंतरिक अनुसंधान एवं विकास परियोजना के परिणामस्वरूप प्राप्त पहला बड़ा अनुबंध है।

एक और सुखद समाचार जो हमारी प्रमुख इकाइयों, भा.वा.नि. एवं आ.नि.मेदक के लिए अत्यंत राहत एवं नियमित कार्यभार लाएगी, वह यह है कि टैंक एवं बीएमपी के ओवरहालिंग के लिए अनुबंध नीति और प्रक्रिया निर्णय के अंतिम चरण में हैं, जिनका रक्षा मंत्रालय के सक्रिय समर्थन के साथ शीघ्र ही पूरा होना संभावित है। इसके फलस्वरूप दोनों इकाइयों को लगातार कार्यभार मिलता रहेगा । साथ ही, वीएफजे के लिए अनुबंधों को अंतिम रूप देने का प्रस्ताव भी अंतिम चरण में है तथा इसके शीघ्र ही पूरा होने की संभावना है। यह उपाय एवीएनएल की सभी इकाइयों के लिए आशाजनक भविष्य के साथ विचारशील भविष्य कार्यभार सुनिश्चित करेगा ।

एवीएनएल की मौजूदा ऑर्डरबुक स्थिति अपने आप में उल्लेखनीय है । इसके अलावा, 32,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर प्रक्रियाधीन हैं, जिनमें से 6000 करोड़ रुपये के ऑर्डर पहले से ही हमारे लेखा को शोभित कर रहे हैं और एक वर्ष के भीतर 9000 करोड़ मूल्य के अन्य ऑर्डर मिलने की आशा है। ये आँकड़े सिर्फ लेखा मिलान नहीं हैं अपितु वे हमारे समर्पण, नवाचार एवं हमारे राष्ट्र की रक्षा करने और सेनाओं को संबल बनने के अटूट संकल्प के प्रमाण हैं।

Phone (044) 26383601, 26384784 FAX (044) 26383653 Email : sanjaydwivedi@ord.gov.in
आवडी, चेन्नै - 600 054 / AVADI, CHENNAI - 600 054.

इसके अतिरिक्त, एमबीटी अर्जुन की प्रमुख क्रिटिकल असेंबलियों का सफल ओवरहाल न केवल हमारे तकनीकी कौशल का उदाहरण है, बल्कि आत्मनिर्भरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

इस यात्रा को सशक्त बनाने के लिए, हमने एक नई उत्पादकता से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) तैयार की है। यह योजना हमारे कर्मचारियों के योगदान को मान्यता देती है एवं पुरस्कृत करती है, उनकी कड़ी मेहनत को ठोस लाभ में बदलती है एवं उच्च उत्पादकता की संस्कृति को बढ़ावा देती है।

लेकिन हमारी प्रतिबद्धता कार्य निष्पादन एवं उत्पादन लाइनों से बढ़ कर है । हम समझते हैं कि हमारे कर्मचारी इस संगठन के प्राण हैं। यही कारण है कि एवीएनएल मानव संसाधन नीतियों और मैनुअल को अंतिम रूप देने के उन्नत चरणों में है, जिसमें सभी महत्वपूर्ण मानव संसाधन संबंधी विषय शामिल हैं। ये नीतियां प्रत्येक एवीएनएल कर्मचारी के लिए पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करती हैं ।

भविष्य के लिए, हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट है; वित्तीय वर्ष 2025-26 तक 1 बिलियन अमरीकी डालर के शिखर तक पहुंचना। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य सिर्फ एक वित्तीय लक्ष्य नहीं है; यह कवच वाहनों के निर्माण में वैश्विक नेता बनने की हमारी सामूहिक क्षमता का एक शक्तिशाली उदघोष दर्शाता है।

एवीएनएल स्वच्छ भारत मिशन एवं कार्यस्थल एवं आवासीय क्षेत्रों में सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध है। विशेष अभियान 3.0 के दौरान, एवीएनएल ने 442 स्वच्छता अभियान, 1765 पुराने रिकॉर्ड/फ़ाइलों को निकालना, 86,790 वर्ग फुट के स्थान को खाली कर सदुपयोग में लाना, 273 मीट्रिक टन स्क्रैप निपटान आदि जैसे अनेक स्वच्छता के कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

एवीएनएल का मूल दर्शन "Triple P" की देखभाल, "People and Plan through Profit" है। यह मार्गदर्शक सिद्धांत अपने सामाजिक एवं पर्यावरणीय प्रभाव के लिए जवाबदेह रहते हुए आर्थिक सफलता प्राप्त करने पर जोर देता है। एवीएनएल का CSR मिशन समाज एवं पर्यावरण के विकास तथा संवर्धन के लिए दीर्घकालिक एवं प्रभावशाली योगदान देना है। एवीएनएल ने एक उत्कृष्ट शैक्षिक केंद्र खोलने के लिए भारतीय सेना के साथ साझेदारी की है जो जम्मू-कश्मीर के ग्रामीण इलाकों के वंचित बच्चों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण प्रदान करता है। एवीएनएल भारत में विरासत स्थलों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय संस्कृति निधि के साथ भी साझेदारी कर रहा है। एवीएनएल सकारात्मक परिवर्तन की एक लहर पैदा करने, सतत विकास को बढ़ावा देने और उन लोगों के जीवन को ऊपर उठाने का प्रयास करता है जिन्हें इसकी सर्वाधिक आवश्यकता है ।

अंत में, मैं सभी एवीएनएल कर्मचारियों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूँ । आपका समर्पण, नवाचार एवं प्रतिरोध क्षमता हमारी सफलता की रीढ़ है। आइए, हम एक साथ मिलकर प्रगति के पथ पर बढ़ें अपने लोगों को सशक्त बनाएं और एक मजबूत एवीएनएल के निर्माण में योगदान दें ।

आइए, नए वित्तीय वर्ष 2024-25 की शुरुआत अत्यधिक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ करें। एवीएनएल के प्रत्येक कर्मचारी के अच्छे स्वास्थ्य और बहुत ही खुश एवं समृद्ध वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं !

जय हिन्द !!

संजय द्विवेदी

संजय द्विवेदी, भा.आ.नि.से., एनडीसी
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/एवीएनएल